5.9.25
छाबड़ा

# निर्णय वइजलास श्री रामसिंह गुर्जर आर.ए.एस. उपखण्ड अधिकारी छबडा जिला बारां द्वारा अध्यासित

प्रकरण संख्या 8/2025
दायरा दिनांकः–29.01.2025
निर्णय दिनांकः– 29.09.2025

## उनवान

1. रामकली बाई उर्फ काली बाई आयु 50 वर्ष पत्नि प्रकाश उर्फ रामप्रकाश जाति मेघवाल निवासी ग्राम गुगोर तहसील छबडा जिला बारां (राज0)

बनाम

1. राजस्थान सरकार जर्ये तहसीलदार तहसील छबड़ा जिला बारां

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136,एल0 आर एक्ट

निर्णय दिनांकः– 29.09.2025

अभिभाषक उपस्थितः–1. श्री हेमराज कुशवाह – प्रार्थी

अभिभाषक प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत 136,एल0 आर एक्ट विरूद्ध अप्रार्थीगण के न्यायालय में इस आशय का पेश किया गया कि ग्राम गूगोर पटवार हल्का गूगोर तहसील छबड़ा में खाता संख्या 280/281 की भूमि खसरा संख्या 200 रकबा 4.1733 है०, खसरा संख्या 316 रकबा 1.0117 है०, खसरा संख्या 368 रकबा 0.2150 है०, खसरा संख्या 370 रकबा 0.1770 है० कुल खसरे 4 कुल रकबा 5.5770 है0 में प्रार्थिया का हिस्सा कालीबाई पत्नी स्व० रामप्रकाश के नाम 1/18 दर्ज हैं जो प्रार्थिया के खातेदारी एवं कब्जे काश्त में अवस्थित हैं। उपरोक्त वर्णित समस्त भूमि प्रार्थिया को उसके पति प्रकाश उर्फ रामप्रकाश जी की मृत्यु उपरान्त से प्राप्त हुई हैं। प्रार्थिया के पति प्रकाश उर्फ रामप्रकाश की मृत्यु पश्चात् उसके हिस्से की भूमियों में प्रार्थिया का नाम रामकलीबाई पत्नी स्व. प्रकाश के स्थान पर राजस्व कर्मचारियों की त्रुटिवश कालीबाई पत्नी स्व० रामप्रकाश दर्ज हो गया हैं तथा उपरोक्त भूमि की जमाबंदी में प्रार्थिया के नाम का गलत अंकन हो जाने से प्रार्थिया को को उपरोक्त भूमियों पर बैंक से ऋण प्राप्त नहीं हो पा रहा हैं तथा सरकार द्वारा प्रदत्त अन्य सहायताएँ भी प्राप्त नहीं हो पा रही हैं। प्रार्थना पत्र की चरण क्रमांक 1 में वर्णित भूमि में प्रार्थिया उसके नाम में हुई त्रुटि को ठीक कराकर ष्कालीबाई पत्नी स्व० रामप्रकाश ८ के स्थान पर रामकलीबाई पत्नी स्व० प्रकाश दर्ज कराना चाहती हैं जो न्याय हित में आवश्यक हैं।

उपखण्ड अधिकारी
छबड़ा (बारां)

प्रार्थीया का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थी को जयें सम्मन तलब किया गया। अप्रार्थी की ओर से रिपोर्ट/जवाब पेश हुई। प्रार्थीया द्वारा अपने पक्ष के समर्थन में नकल जमाबन्दी ग्राम गुगोर सम्वत् 2075–78 खाता संख्या 280 पेश की गई। फोटो प्रति आधार कार्ड, जन आधार कार्ड, पेन कार्ड पेश किया गया।

बहस अभिभाषक प्रार्थीया सुनी गई। बहस के दौरान वकील प्रार्थीया द्वारा प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यो को दौहराया गया वकील प्रार्थीया का कथन है कि विवादित आराजी वाके ग्राम गुगोर तहसील छबडा में स्थित है। जिसमें प्रार्थीया का हिस्सा काली बाई पत्नि स्व0 रामप्रकाश के नाम से 1/18 दर्ज है जो प्रार्थीया के खातेदारी कब्जे काश्त में चली आ रही है प्रार्थीया के पति प्रकाश उर्फ रामप्रकाश की मृत्यु के बाद फोती नामान्तरण खोलते समय रामकली बाई पत्नि स्व0 प्रकाश के स्थान पर सहवन से काली बाई पत्नि स्व0 रामप्रकाश दर्ज हो गया। प्रार्थीया का नाम राजस्व रिकार्ड में गलत नाम दर्ज होने के कारण प्रार्थीया को राज्य सरकार व केन्द्र सरकार से मिलने वाले समस्त लाभों से वचित होना पड रहा है। प्रार्थीया का राजस्व रिकार्ड में काली बाई पत्नि रामप्रकाश के स्थान पर रामकली बाई पत्नि प्रकाश किया जावें।

इस सम्बन्ध में तहसीलदार छबडा से रिपोर्ट ली गई। तहसीलदार छबडा ने रिपोर्ट में बताया कि ग्राम वासियों ग्राम गुगोर तहसील छबडा के खातेदार खाता संख्या 280 में क्रम संख्या 3 खातेदार काली बाई उर्फ रामकली बाई पत्नि रामप्रकाश उर्फ प्रकाश सा0देह जाति मेघवाल के खसरा नम्बर 200,316,368,370 कुल 5.5770 है0 के प्रार्थीया काली बाई की जानकारी ली जहां ग्राम वासियो द्वारा रामकली बाई उर्फ काली बाई पत्नि स्व0 रामप्रकाश उर्फ प्रकाश एक ही महिला है ग्राम के मौजुद निरंजन पुत्र हीरा सिंह जाति खारवाल निवासी गुगोर दीपक पुत्र लटुरलाल जाति मेघवाल सा0देह विन्य सिंह पुत्र प्रेमसिंह जाति यादव सा0देह व मजमे आम रामकली बाई उर्फ काली बाई पत्नि रामप्रकाश उर्फ प्रकाश नाम के एक ही व्यक्ति है।

बहस अभिभाषक प्रार्थीया सुनी गई। पत्रावली एवं रिकार्ड का अवलोकन किया गया। प्रार्थीया द्वारा प्रस्तुत नकल जमाबन्दी ग्राम गुगोर सम्वत् 2075–78 खाता संख्या 280 में प्रार्थीया का नाम काली बाई पत्नि रामप्रकाश हिस्सा 1/18 दर्ज है फोटो प्रति आधार कार्ड, जन आधार कार्ड, एवं पेन कार्ड में प्रार्थीया का नाम रामकली पत्नि प्रकाश दर्ज है राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी में प्रार्थीया का नाम काली बाई पत्नि रामप्रकाश है एवं अन्य दस्तावेजात में रामकली बाई पत्नि प्रकाश दर्ज है प्रार्थीया का नाम अन्य दस्तावेज में सही रामकली बाई पत्नि प्रकाश दर्ज है परन्तु राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी में प्रार्थीया का गलत नाम दर्ज है जिसे प्रार्थीया दुरूस्त काराना चाहती है। तहसीलदार छबडा के द्वारा भी रिपोर्ट में प्रार्थीया रामकलीबाई उर्फ काली बाई पत्नि रामप्रकाश उर्फ प्रकाश दोनो एक ही व्यक्ति होना बताया है प्रार्थीया द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात एवं तहसीलदार छबडा की रिपोर्ट के आधार पर प्रार्थीया का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना न्यायोचित है।

उपखण्ड अधिकारी
छबड़ा (बारां)

## :: क्रियात्मक आदेश ::

उपरोक्त विवेचनानुसार प्रार्थीया का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है विवादित आराजी वाके ग्राम गुगोर तहसील छबडा के खाता संख्या 280/281 में खसरा नम्बर 200 रकबा 4.1733 है0 खसरा नम्बर 316 रकबा 1.0117 है0 खसरा नम्बर 368रकबा 0.2150 है0 खसरा नम्बर 370 रकबा 0.1770 है0 में प्रार्थीया का नाम रामकली बाई पत्नि स्व0 प्रकाश दर्ज करने के आदेश तहसीलदार छबडा को दिये जाते है।

निर्णय लिखाया जाकर सरे इजलास सुनाया गया।

(रामसिंह गुर्जर)
आर.ए.एस.
उपखण्ड अधिकारी, छबडा
उपखण्ड अधिकारी
छबड़ा (बारां)